चौथी घोषणा उन्होंने यह की है कि उत्तर प्रदेश में जो किसान तहसीलदारों और मैजिस्ट्रेटों के दरवाजों पर खड़े सूखते रहते थे और उनको सही न्याय नहीं मिल पाता था, उनको सही न्याय कैसे दिया जा सकता है, और जल्दी कैसे दिया जा सकता है, इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार निर्णय लेना चाहती है। एक बात मैं अपने इन मित्रों से भी कहना चाहता हूँ जो सत्तारूढ़ पक्ष में इधर बैठे हुए हैं। वी० के० डी० की सरकार की ओर से कहना चाहता हूँ श्री चरणसिंह जी को श्री कमलापती त्रिपाठी जी ने जो सहयोग दिया है और आगे भी वह सहयोग देंगे ; एक बात आप लोग कान खोल कर सुन लें—चरण सिंह जी अपने दिमाग को किसी को गिरवी रख कर हुकूमत नहीं चलाना चाहते है। उनका एक ही लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश का गरीब किसान; उत्तर प्रदेश के मजदूर, उत्तर प्रदेश के हरिजन, उत्तर प्रदेश के 9 करोड़ निवासियों का हित जिसमें होगा, वही काम वह करेंगे, किसी व्यक्ति को प्रसन्न करने के लिए वह कोई काम नहीं करेंगे।

श्री बी० प्र० मंडल (मधेपुरा) : सभापति जी, मैं एक अनएटेच्ड मेम्बर के नाते उत्तर प्रदेश और बिहार के सम्बन्ध में अपना अन-प्रजुडिस्ड और अनएटेच्ड विय्रू रखना चाहता हूँ। मैंने दोनों पक्षों को सुना। यहाँ पर कहा गया कि उत्तर प्रदेश और बिहार के गवर्नर ने चरण सिंह और दरोगा राय को मुख्य मंत्री बनाकर कोई उचित कार्य नहीं किया। लेकिन जहां तक वस्तुस्थिति का प्रश्न है—उत्तर प्रदेश में तो चरणसिंह जी के चरण पर आपने अपना मस्तक रख दिया, लेकिन आपसे भी आगे आ कर जब कमलापती त्रिपाठी जी ने अपना मस्तक रखा तो चरणसिंह जी ने उन के मस्तक को उठा लिया और चूम लिया; तो इस में गवर्नर का दोष क्या है ?

दुनियाँ इस बात को जानती है कि बिहार में जब तक श्री रामानन्द तिवारी संविद के नेता के रूप में पिक्चर में थे, तब तक गवर्नर ने कोई फैसला नहीं दिया, लेकिन जब खुद

[श्री बि० प्र० मंडल]

आपके नेता श्री रामानन्द तिवारी रन छोड़ कर भाग गये तो गवर्नर किस को मुख्य मंत्री बनाता—ज़रा इस का जवाब दीजिये—और ऐसा भागे कि अभी तक नहीं लौट पाये। उन्होंने न सिर्फ अपनी पार्टी की बेइज्जती. बल्कि संविद के जितने घटक थे—जनसंघ, सिण्डीकेट वगैरह, सब की बेइज्जती की, सब की मिट्टी-पलीद कर दी। ऐसी स्थिति में गवर्नर श्री रामानन्द तिवारी को किस तरह मुख्य मंत्री बनने के लिए बुलाता—मेरी समझ में यह बात नहीं आती है।

सभापती जी, इस लिये मैं समझता हूँ कि बिहार में गवर्नर को दोष देना कि उसने दरोगा प्रसाद राय को मिनिस्ट्री बनाने के लिए बुला लिया, कोई युक्तिसंगत बात नहीं है। पहले सरदार हरहिर सिंह के 115 सदस्य थे, उसको गवर्नर ने नहीं बुलाया और दरोगा प्रसाद राय के 82 थे, उनको बुला लिया, मैं उन बातों में नहीं जाना चाहता, लेकिन मौजूदा स्थिति यह है कि आपके नेता खुद भाग गये और ऐसा भागे कि अब तक आपका कोई ठिकाना नहीं हैं..... (व्यवधान).....

हमारी कम्युनिष्ट पार्टी के नेता डांगे साहब ने मुधोलकर कमीशन और अयर कमीशन की बातों का जिक्र किया। मुझे ऐसा मालूम होता है कि डांगे साहब ने कम से कम मुधोलकर कमीशन की रिर्पोट को पूरा पूरा पढ़ने का कष्ट नहीं किया है। मुधोलकर कमीशन में 14 मंत्रियों पर चार्ज आया था, जिसमें कम्युनिस्ट पार्टी के भी तीन मंत्री थे—इन्द्रदीप सिंह, चन्द्र शेखर सिंह और तेजनारायण सिंह पर भी चार्ज था। मुधोलकर कमिशन ने तेजनारायण सिंह को बरी किया है, लेकिन इन्द्रदीपसिंह और चन्द्रशेखर सिंह पर चार्ज है, आप ज़रा उसको पढ़िये.....

श्री योगेन्द्र शर्मा (बेगूसराय) : उन के खिलाफ यही चार्ज है कि उन्होने 31 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत बन्दियों को मुक्त करने का जो कार्यक्रम था, उसका पालन किया उस के लिये हम को अभिमान है, शोक नहीं है।

श्री बि० प्र० मंडल : लेकिन मुधोलकर कमीशन ने उस को गलत माना। वह कहते हैं कि आप फलां को निकालिये, ज़रा मुधोलकर कमीशन की रिर्पोट को पढ़िये, इन्द्रदीप सिंह और चन्द्र शेखर सिंह और अपनी पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ आप भी तो ज़रा कड़ाई से पेश आइये। सभापतिजी, पब्लिक लाइफ में इन कम्युनिस्टों का हाथ भी जहाँ रहा है चाहे बिहार में ही क्यों न हो, ये लोग भी बदनाम हो चुके हैं।

श्री राम सेवक यादव (बाराबंकी) : सभापति जी, उत्तर प्रदेश और बिहार के राज्यपालों ने सरकार के गठन के सिलसिले में जो काम किया, आज उस पर यहां चर्चा हो रही लेकिन उस चर्चा के सन्दर्भ में दलों की चर्चा भी उठाई गई है। मैं इतना ही कहूँगा कि दलों की मेड़ें टूट चुकी हैं, कस कर टूट चुकी हैं और जो लोग इस पर खुशी मना रहे हैं कि दूसरों की मेड़ें टूट गई हैं, उनके यहां भी मेड़ें ही नहीं टूटी, बल्कि बांध ही टूट गया है। इस लिये अच्छा होगा कि वे इस पर विचार करें और इसके कारणों पर जायं।

सभापति महोदय, मुझे ताज्जुब होता है कि जब सदन में सरकार की ओर से दल-बदल को रोकने की कोशिश हो, वही सरकार जब दय-बदल करवाने का प्रयास करे, तो फिर उसकी नेकनीयती पर शुब्हा करने का लोगों को मौका मिलता है—इस पर भी ध्यान जाना चाहिये।

में कहना चाहता हूं कि बिहार में राज्यपाल का जो काम था, उस में उन्होंने स्वविवेक का इस्तेमाल किया—वह ठीक किया या नहीं किया—यह प्रश्न है। जब यह प्रश्न उठा तो सबसे पहले ध्यान जाना चाहिये मणिपुर की

ओर, क्योंकि राज्यपाल सीधे केन्द्र के इशारे पर, केन्द्र की राय पर चलता है। मणिपुर में, सभापति महोदय, आप जानते हैं कि विरोध पक्ष के 21 सदस्य हो गये थे और कांग्रेस के केवल 10 या 11 सदस्य रह गये थे। लेकिन वहां के कमिश्नर ने किस तरह से, किस माप दंड से और कौन से जनतांत्रिक तरीके से 21 आदमियों को सरकार गठन करने के लिए नहीं बुलाया और वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू हो गया, क्यों? इसलिये कि प्रधान मंत्री चाहती हैं कि या तो उनके मन के लोग हों और अगर उनके मन के लोग न हों तो दिल्ली राज्य करे। दोनों का मतलब एक ही होता है कि दिल्ली की हकूमत हो। तो उस सन्दर्भ में बिहार को भी देखें। अभी प्रश्न उठा था कि हरिहर सिंह 115 थे तब उनको मौका नहीं मिला। फिर भोला पासवान की जब सरकार गिरी थी तब भी उन्होंने मौका मांगा था लेकिन आपके अन्दर कि दलबन्दी के कारण हरिहर सिंह को मौका नहीं मिला। उस समय तक आप टूटे नहीं थे। .....(**व्यवधान**)....

श्री द्वा. ना. तिवारी : उस समय निजलिंगप्पा साहब ने कहा था कि अभी हम नहीं बनने देंगे।

श्री राम सेवक यादव : तब तक ये पूरी तौर से टूटे नहीं थे, शायद प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई थी। लेकिन अन्दरूनी दलबन्दी के कारण कि कौन नेता बने, कौन मुख्य मंत्री बने, उस झंझट की बिना पर मामला पड़ा रहा और राज्यपाल इन्तजार करते रहे। फिर उसमें एक जबर्दस्त कड़ी और है। जिन सदस्यों को राज्यपाल महोदय कहते थे कि ये 27 ऐसे लोग हैं दलबदलू जिनपर भरोसा नहीं किया जा सकता है लेकिन आप इस सूची को देखें जो राज्यपाल महोदय ने भेजी है कि उसमें के लोग इसमें शामिल हैं या नहीं? तो यह किस तरह से उनका माप दंड बदल गया फौरन, यह जी देख ने की चीज है? अगर उसमें इनके नाम शामिल हैं तो उससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं, कोई न कोई राय ऊपर से हुई और उसका उनपर असर पड़ा। तब फिर उस के साथ यह बात रेलिवेन्ट हो जाती है। 1 को वे यह राय देते हैं कि इसको सस्पेन्ड रखा जाये और फिर 14 को ही सरकार बन जाती है क्योंकि ऊपर से उनके ऊपर दबाव पड़ता है। मैं गृह मंत्री जी से चाहूंगा कि इस बात की सफाई हो जाये कि क्या जो वहां के राज्यपाल महोदय हैं उनका कार्यकाल बढ़ाया गया था? अगर उनका कार्यकाल बढ़ा है तो उसको भी इसी के साथ पढ़ लेना, तभी फिर पता चलेगा कि वह उचित है या नहीं।

अब मैं थोड़ा सा उत्तर प्रदेश के बारे में भी कहूंगा। कौन कैसा है उसमें मैं नहीं जाऊंगा। क्योंकि श्री गुप्त के ऊपर दोषारोपण हुए हम लोगों ने भी किये। ···(**व्यवधान**)··· 6 महिने पहिले यही लोग आरती उतारते थे ···(**व्यवधान**)··· हमारे लिये तो जैसे थे वैसे थे, हम लोग तो कार्यक्रम को ही महत्व देते हैं। ···(**व्यवधान**)··· उत्तर प्रदेश में क्या होता है, उसी को मैं सामने रखना चाहता हूं। 10 तारीख को जब मुख्य मंत्री ने राज्यपाल को जब चिट्ठी लिखी की जिन-जिन कार्यक्रमों के आधार पर इन दलों ने हमें समर्थन दिया था, हम को विश्वास है कि चरण सिंह को भी समर्थन मिलेगा, वह पत्र चौधरी चरण सिंह को दिखाया गया था, उन्होंने उसको पढ़ा और वह राज्यपाल को गया। फिर रात में चौधरी चरण सिंह गुप्त जी से मिलने भी आये। इस सारे मामले में आपने विरोधी दल के नेता, डा० राम सुभग सिंह और श्री कुम्भाराम आर्य भी शामिल थे। लेकिन होता क्या है? परेशानी बढ़ गई हमारे श्री जगजीवन राम की, परेशानी बढ़ गई श्री डी० पी० मिश्र की और परेशानी उनकी बढ़ गई जो कि आज दिल्ली की गद्दी पर बैठी हैं, श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी

[श्री राम सेवक यादव]

जब इन लोगों की परेशानी बढ़ गई तब भाग दौड़ मची। श्री बहुगुणा का यह बयान आ गया कि श्री चरणसिंह तो बे-एतबार आदमी हैं बाबू जगजीवन राम कुछ संयत रहे लेकिन फिर भी परेशानी तो निकल ही आई। उन्होंने कहा आगे आगे देखिए क्या होता है, जो एक बार दल बदल सकता है। वह फिर दूसरी बार भी बदल सकता है यानी अभी मरीज मरा नहीं है, उसकी नब्ज बाकी है। ये सारी चीजें चलती रहीं। लेकिन यहीं पर राज्यपाल महोदय की बात आती है कि जब दस तारीख का पत्र था तो उन्होंने 11 को क्यों नहीं बुलाया अगर श्री गुप्त के कहने पर ही उन्होने अमल किया तो फिर उन्होंने 11 को क्यों नहीं बुलाया ? 12 को क्यों नहीं बुलाय 13 को क्यों नहीं बुलाया या 14 को क्यों नहीं बुलाया ! यह खरीद-फरोख्त क्यों होनी चाहिये ? यह सौदेबाजी क्यों होनी चाहिये ! यह मामला क्यों चलता रहा, इसकी जांच होनी चाहिए। राज्यपाल महोदय दिल्ली आए थे। लोगों को शुबहा हुआ कि बुलाए गये लेकिन वे कुछ नहीं बोले। लेकिन जब उनको आत्मा के खिलाफ काम करने की आवश्यकता पड़ गई तो झट से अखबारों में सफाई भी छप गई कि हमको दिल्ली बुलाया नहीं गया, हम खुद गए थे। आखिर क्या जरूरत थी ? फिर जिस दिन शपथ समारोह हुआ वह ऐसा हुआ जैसे कोई काम चोरी से हो रहा हो। विरोधी दल के नेता को नहीं बुलाया गया, दूसरे दलों के नेताओं को सूचना नहीं मिली। पहले से ही पंडित से साइंत पूछ करके सारा काम हो जाता है और फिर अखबारों में राज्यपाल की सफाई आती है कि लोगों को बुलाने के लिए समय नहीं था। अगर 17 को तय कर लिया था तो 18 को भी शपथ समारोह हो सकता था। सबसे बड़ी चीज यह है कि जब दोनों दलों को बहुमत का समर्थन प्राप्त था तो राज्यपाल महोदय को उसे देखना चाहिए था। राज्यपाल महोदय ने कह दिया कि हम केवल सदन में बहुमत और अल्पमत का निर्णय करेंगे, बाहर सिर नहीं गिनेंगे। चौधरी गिरधारी लाल ने जो सूची दी वह बहुमत की थी उसमें 15 बी. के. डी. के थे और इसी प्रकार से इंडीकेट की सूची थी जिसमें से दो दो आदमी बी० के० डी० के और इंडीकेट के पेश भी किये गए और यह भी कहा गया कि अगर आप चाहें तो हम औरों को पेश भी कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद भी राज्यपाल महोदय ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया और माइनारिटी की गवर्नमेन्ट बना दी। .....(व्यवधान).....हम तो कार्यक्रम के आधार पर ही समझौता करते हैं। दस सूत्री कार्यक्रम की चर्चा चलती है तो प्रधान मंत्री ने कहा कि सवा 6 एकड़ तक लगान माफी वे भी चाहती हैं, बहुगुणा जी ने कहा कि हम भी चाहते हैं लेकिन आज चौधरी चरण सिंह जिनको वे समर्थन देने के लिए कह रहे हैं, उन्होंने साफ कहा है कि हम सवा 6 एकड़ की लगान माफ़ी नहीं करेंगे। क्योंकि जो छोटे किसान हैं उनके वे दुश्मन हैं और बड़े किसानों के हमदर्द हैं। लेकिन उनकी कोई शर्त नहीं है, शर्त यही है कि उनको मुख्य मंत्री बनाओ। प्रकाशवीर शास्त्री जी ने यहां पर साफ कह दिया कि चौधरी चरण सिंह की कोई शर्त नहीं, उनकी एक शर्त है कि हमको ताज पहनाओ...

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैंने कहा कि उन की एक ही शर्त है कि उत्तर प्रदेश के 9 करोड़ किसानों का जिसमें भला होगा वही काम किया जायेगा—सोशलिस्ट पार्टी जो कहेगी वह काम बिल्कुल नहीं किया जायेगा।

श्री राम सेवक यादव : मैं तो बधाई देता हूं उनको। चौधरी चरण सिंह का एक सूत्रीय प्रोग्राम है और वह है कुर्सी। इसके अलावा यह कि उनका सारा दल केवल एक आदमी के हाथ में सुरक्षित है·· (**व्यवधान**)·····अब दोनों दलों के विलीनीकरण की भी चर्चा चल रही है। अगर इनका विलीनीकरण नही होता है तो वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू हो सकता है—इसकी

योजना भी बन गई है। नही तो श्री कमलापति त्रिपाठी ने कौन से कार्य-क्रम के ऊपर समर्थन देने का फैसला किया है। जो चिट्ठी-पत्री श्री द्वारिका प्रसाद मिश्र और चौधरी चरण सिंह की है उसमें उन्होंने इस तरह से दुतकारा है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। इसलिए वह कौन सा कार्य-क्रम है, यह हम जानना चाहते हैं।···(**व्यवधान**)·····

अन्त में इन सब दृष्टियों को ध्यान में रख कर अगर आप सोचेंगे तो पता चलेगा जैसा कि शास्त्री जी ने कहा कि वे ज्योति बसु के इशारे पर नहीं चलेंगे तो मैं पूछना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में कौन ज्योति बसु हैं? साफ बात है वह ज्योति बसु हैं श्रीमती इंदिरा गांधी जिनके दल के इशारे पर नहीं चलना चाहते हैं? ...(**व्यवधान**).....

18.00 hrs.

SHRI P. RAMAMURTI (Madurai) : Sir, my friend, Prof. Ranga, who was one of the important participants in this debate, said that we are not playing the rules of the game. He compared this whole game to the game of cricket, and to my mind, that succinctly expresses what we are really doing, and what kind of parliamentary democracy we are practising. To my mind the whole thing is like a game of chess where, in the moving of the coins, somebody else is moving the coin in a better way. Therefore, my hon. friend is extremely unhappy. I am glad he brought in this analogy. After all, when this question of Governors' powers and when this question of the behaviour of the Governors arises, it has been debated during the last so many years here. We have always found that the Governor has acted in the interests of the ruling party or the ruling class.

My friend referred to the behaviour of the Governor in the then composite State of Madras in 1952. 152 members became larger than 176 members. The United Front had 176 members; Rajagopalachari's Congress party had 152 members. But 152 became larger than 176, and yet, it was tolerated. (*Interruption*)—Of course, it was a curious piece of arithmetic, but that arithmetic was tolerated. My friend Mr. Ranga at that time is not known to me to have raised a little finger of protest against it. Later on, so many things happened.

Mrs. Sucheta Kripalani told us that she stands by every word that she had uttered with regard to what has happened in West Bengal in 1967. But in West Bengal, the Governor at that time said that since 17 people had left the United Front, the majority was in doubt and therefore, he asked the Chief Minister to summon the Assembly on a certain date. The West Bengal Chief Minister said that he would summon the Assembly on the 18th December. It was a difference of hardly about three weeks. The Governor did not listen to it and he immediately dismissed the Ministry. But why did not the hon. Member adopt the same yardstick with regard to UttarPradesh where C. B. Gupta's ministry at that time did not have a huge majority? It had just about 220 out of about 425 members, and about 80 people had left the Congress party. Still, Mr. Gupta would not convene the Assembly for full two months and a half. Why did she not get up and say that "this is against the norms of democracy, and you must immediately convene the Assembly?" She did not say any such thing. Therefore, we have been saying the same thing previously also.

Take Kerala for instance. It was known that the Kerala Governor appointed somebody Mr. Achutha Menon—as the Chief Minister and called him to form the Ministry, even knowing at that time ..

SHRI A. SREEDHARAN (Badagara) : Sir, on a point of order. This discussion which is the subject-matter of the House pertains to Bihar and Uttar Pradesh. The scope of the discussion is limited to that. If the hon. Member makes a general reference to Kerala, I can understand, but he is citing instances and referring to extraneous matters in this discussion, which is improper, irregular and is out of the scope of the discussion.

SHRI P. RAMAMURTI : I would have appreciated the hon. Member if he had objected to my referring to Bihar and

[Shri P. Ramamurti]

Madras in 1952, to the behaviour of the U.P. Governor or the behaviour of the West Bengal Governor. But just when I referred to the behaviour of the Kerala Governor, why should he be the spokesman for the Kerala Governor ? I am not bothered about it. What I am pointing out is this (*Interruption*).

SEVERAL HON. MEMBERS *rose*—

SHRI YOGENDRA SHARMA : The behaviour of the Governor of Kerala has been proved to be justified. Kerala Assembly has given its verdict in support of the judgement of the Governor (*Interruption*)

SHRI P. RAMAMURTI : At that time, he gave them plenty of opportunities. Nearly two months' time was given and the Assembly was not called immediately. (*Interruption*). So this question has always been like this. Our hands have always been clean.

As far as U.P. and Bihar are concerned, it is very difficult to judge. One gentleman says, "I am going to topple this Government will-nilly when the Assembly meets." Immediately, the Chief Minister resigns and says, "Call the other gentleman". Overnight it is stated that he has joined the other group. Two days later, he says, "No, I have discarded you." What can any Governor do in such circumstances ? In Bihar, an SVD was formed and they claimed majority. But the leader of the SVD said, "I am not the leader. resign from this." What can anybody do in such circumstances?

Therefore, rather than blaming Governor, I would say, this country has come to such a level where the ruling classes are in a disarry because of the blows on them by the rising masses of this country. Mr. Ranga would like to meet that challenge by banning the CPM. That is his answer. That is his democracy. He cannot go to the people and ask them to vote for them. At the time of the presidential election, those gentlemen denied vehmently that they had nothing to do either with the Swatantra or the Jan Sangh. Today it is absolutely clear that even then they had this combine. Today that combine stands nakedly before the people and they cannot deny it. It is a good thing that combine has been defeated both in U.P. and Bihar.

श्री लखन लाल कपूर (किशनगंज) : सभापति महोदय, आज वाद-विवाद का मुख्य विषय यह है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में जो सरकारें बनी उनके सम्बन्ध में राज्य पालों के ऊपर दोषारोपण किया गया है । आज की बहस सुनने के बाद, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि सरकारें गलत ढ़ंग से बनाई गई हैं, पक्षपातपूर्ण ढंग से बनाई गई हैं, ऐसा लगता कि बहुत शोर सुनते थे हाथी दुम का, लेकिन एक गज भर की रस्सी पड़ी थी । इस आरोप के पीछे कोई राजनीति नहीं, कोई तर्क नहीं । इसके पीछे सिर्फ यह है, वैसा मैं समझता हूं कि पावर बैंटल की एक रैस चल रही है, कौन मुख्य मंत्री बने, किसकी पार्टी गद्दी सम्भाले, मुख्य विषय यही है । मैं समझता हूं कि यह स्थिति आज देश में वर्तमान है । हम अपनी किस्मत को रो रहे हैं ।

ऐसी हालत में में समझता हूं कि प्रश्न बिहार या उत्तर प्रदेश का नहीं है, मुख्य मंत्री चरण सिंह बन रहे हैं या दरोगा राय बन रहे हैं यह महत्व नहीं रखता । हमारे लिये महत्व इस बात का है कि इस पावर बैंटल के लिए, जो पूरे देश के जन-जीवन को दूषित कर रही है, उसके लिए कौन जवाबदेह है ? इन जवाबदेह लोगों को कौन खोज निकालेगा, कोन नहीं इस बात में जो हम राजनीति चलाने वाले लोग हैं या अपने हृदय पर हाथ रख कर इस बात का आत्म-चिंतन करने की कोशिश करेंगे कि जो वर्तमान स्थिति पैदा हो गई है उसको कैसे सुधारा जाय, जिसको लेकर देश के पवित्र सदन में शक्ति संचय करने के लिए हमें अपने आचरण में डिमाक्रेसी को प्रवेश करना चाहिए था मगर हम उससे उल्टे जा पड़े हैं ।

आज स्टैंडर्ड की बात कही जा रही है, मारेलटी की बात कही जा रही है, एथिक्स की बात कही जा रही है । ये सभी बातें उन लोगों के द्वारा कही जा रही हैं जिन्होंने इस चीज का सूत्रपात किया था, जिन्होंने इसकी बुनियाद

डाली थी। पिछले 22 साल तक वे देश में राजनीति, डैमोक्रेसी और लोकतन्त्र के नाम पर खेल खेलते जा रहे हैं, उसका ही यह आज परिणाम हैं कि आपको अपनी किस्मत पर रोना पड़ रहा है। आज हम एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि जो दोषारोपण करने वाले हैं, जो डिफैक्टेज के खिलाफ़ बोलते हैं, जो मारेलटी की बात करते हैं, उनका केरल में जब थानु पिल्ले वहां चीफ मिनिस्टर थे, क्या रोल रहा है ? उनको डिफैक्ट करवा कर किसने गवर्नर का पद दिया था ? हमारे साथी श्री अशोक मेहता यहां बैठे हुए हैं। उनको अपनी पार्टी से हटाने की कोशिश किसने की थी.....

सभापति महोदय : बिहार और उत्तर-प्रदेश के बारे में बोलिए।

श्री लखन लाल कपूर : मैं बिहार के बारे में कहता हूं। बिहार के गवर्नर श्री कानूनगो पर आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने पक्षपात किया है और संविद के बहुमत की उन्होंने उपेक्षा की है, संविद को सरकार बनाने का अवसर नहीं दिया है। लेकिन जो वस्तुस्थिति है, उसको देखें। सात तारीख को संविद के जो नेता थे उन्होंने नेमापद त्याग दिया और कहा कि कोई संविद नहीं है। उसके बाद ग्यारह तारीख को राज्यपाल ने सिफारिश दी कि राष्ट्रपति शाशन की जो अवधि है उसको बढ़ा दिया जाए। चूंकि उस वक्त कोई स्पष्ट चित्र नहीं सामने आया था इस वास्ते उन्होंने यह सिफारिश की कि वहां स्थायी सरकार बनाना संभव नहीं है। लेकिन चौदह तारीख को सुबह प्रजा सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट पार्टी, दोनों ने ही लिखित रूप में अपना समर्थन श्री दरोगा राय को दे दिया। इससे स्थिति में एक क्वालीटेटिव चेंज आ गया। मैं समझता हूं कि गवर्नर साहब ने कोई पक्षपात नहीं किया। 27 आदमी जिन पर गवर्नर को भरोसा नहीं था और जिनके बारे में वह यह समझते थे कि जिस पार्टी में वे होंगे, उसकी सरकार स्थायी नहीं बन सकेगी, उनकी गिनती उन्होंने अब भी नहीं की। दरोगा राय ने, 172 विधायकों की लिस्ट दी और यह भी कहा कि छः विधायकों का और उनको समर्थन प्राप्त है। लेकिन कानूनगो साहब की ईमानदारी को देखें। उन्होंने कहा कि छः आदमियों को मैं नहीं मानता चूंकि उनके हस्ताक्षर प्राप्त नहीं किए गये हैं। लेकिन 172 में से ग्यारह आदमी वे थे जो 27 की लिस्ट में थे। उन्होंने कहा कि अगर हम ग्यारह आदमियों को हटा भी दिया जाय तो भी 172 में से 161 श्री दारोगा राय के साथ हैं और इस तरस से उनका बहुमत बन जाता है। ऐसी हालत में कौन सी कांस्टीट्यूशनल इम्प्रोप्राइटी गवर्नर ने की है, यह मैं समझ नहीं पाया हूं। मैं समझता हूं कि कोई पक्षपात वहां नहीं हुआ है।

प्रत्येक पार्टी यह महसूस करती है कि राष्ट्रपति शाशन से बुरा शासन कोई दूसरा नहीं हो सकता है। इस वास्ते हम जैसे लोगों ने मजबूर होकर जनता को जनता की सरकार देने की कोशिश की है। अगर सरकार अच्छा काम करेगी तो हमारा समर्थन उसको प्राप्त रहेगा। अगर 35 सूत्री कार्यक्रम खिलाफ वहां की सरकार जाएगी तो उसी दिन हम भी अपना समर्थन वापिस ले लेंगे।

श्री प्रेम चन्द वर्मा (हमीरपुर) : सभापति महोदय, गवर्नर के रोल पर बहस हो रही है और सभी पार्टियों के बड़े-बड़े नेताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए हैं। हम संघर्ष में एक ओर प्रजातन्त्र की और दूसरी ओर राष्ट्रपति राज की बात कही गई है। दूसरी बात यह कही गई है कि सरकार कौन बनाए और बहुमत का सवाल इसके साथ पैदा होता है। तीसरी गरीबों के हित की बात कही गई है। चौथी राज्य की लड़ाई का सवाल भी आता है। जहां तक राज्य की लड़ाई का सवाल है

[श्री प्रेम चन्द्र वर्मा]

अगर मेरे दोस्त हिन्दुस्तान के इतिहास को देखें तो उनको पता चलेगा कि राज्य के लिए लड़ाइयां होती चली आई हैं और फौजें कटती चली आई हैं, किले बरबाद होते चले आए हैं, राष्ट्र बरबाद होते चले आए हैं। राज्य की लड़ाई में तबाही और बरबादी होती ही है। लेकिन मुख्य बात यह है कि राज्य की लड़ाई में हम चरित्रहीन न हों ओर यही एक महत्वपूर्ण बात है। इसी बात की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। राज्य की लड़ाई सब कुछ जायज होता है, मुनासिब होता है। हम किसी को तोड़ें, किसी को खाक बनायें, इसमें कोई बात नहीं है, किसी फौज को खुफिया हथियार से मारें, किसी फौज को बम मारें या तलवार मारें, कोई बात नहीं हैं। लेकिन हम चरित्रहीन न हों, यह मुख्य बात है। गवर्नर के चरित्र पर बहस न हो कर उन लोगों के चरित्र पर बहस होनी चाहिए जो लोग जनता के नुमाइन्दे बन कर और चुन कर आते हैं और भेड़-बकरियों की तरह से बिकते हैं और बिक रहे हैं। भेड़ों और बैलों की तरह से जो लोग बिकते हैं, उनके चरित्र पर विचार हो और यही आज की सबसे बड़ी बीमारी है, जिसको दूर करना हमारा कर्त्तव्य है। हम दूसरों पर लांछन लांछन लगाने से पपले असने चाल चलन पर पर भी विचार करे। जब इस तरह की बात होती है तो हम जनता के साथ धोखा करते हैं। तब हम किस तरह से प्रधान मन्त्री या कांग्रेस पार्टी या किसी दूसरे को दोष दे सकते हैं। जो खेल आप खेलते हैं, उसी को अगर हम खेलते हैं तो हमें मुल्जिम कहा जाता है और अपने को पाकसाफ। आपकी लड़ाई तो ठीक और हमारी गलत। मैं समझता हूं कि इस प्रस्ताव का कोई फायदा नहीं है। प्रस्ताव अगर लाना हो तो ऐसा लाया जाना चाहिए कि हम जो चरित्रहीन हैं, उनके बारे में बात कर सकें। गवर्नर के बारे में हम क्या कह सकते हैं। वह तो एक निशानी है, वह तो एक कांस्टीट्यूशनल हैड है।

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : Mr. Chairman, I am very glad indeed that the hon. Member of the Jana Sangh Party raised this debate. Why I thank him is because after hearing the debate for more than two hours I find that the debate has morally gone in favour of the Governors.

It is a good thing that this House got an opportunity to go into the facts of the matter as to what happened in U.P. and Bihar. I do not want to go into the political matters as to how parties reacted among themselves and which party leader acted in what manner because that is not the scope of the debate as far as I am concerned.

What really speaking matters is whether what the Governors did was within the framework of the Constitution, both in letter and in spirit. I have no doubt that the debate has proved that both the Governors of U.P. and Bihar acted absolutely within the letter and spirit of the Constitntion.

What is it that is expected of a Governor ? The Constitution enjoins upon the Governor to see that he chooses a person to become the Chief Minister who has the support of the majority of the Legislature. When the hon. Member, Shri Ranga, spoke, I thought he was going to make some contribution to the debate but he made rather a negative contribution to the debate by saying that this idea of running a Government by majority is something unIndian and unconstitutional. This thesis coming from a member of the Swatantra Party is very surprising. What he wanted was a government run by all political parties instead of a government run with a majority. But, at the same time, he said, "Ban certain political parties." I would certainly have understood a man coming forward and saying, "Instead of having a majority party rules, let all the political parties run the country." I would have loved to see the sight of a Government being run by Shri Ramamurti and Shri Ranga working together. It would have been a very interesting scene.

SHRI PRAMAMURTI : He does not want it.

SHRI Y. B. CHAVAN : I know. He wanted to ban your party.

SHRI P. RAMAMURTI : He wanted to have a government minus us.

SHRI Y. B. CHAVAN : I was rather struck by the logic of his argument. The basic concept of parliamentary democracy is that a government has to be run on the basis of majority. I think that is the real substance of all the democratic experiences all over the world except perhaps in those countries where parliamentary democracy is not accepted as an instrument of running governments. So, here, the duty of the the Governor was to see whether the person he chose was likely to get the support of the majority of the legislature. What happened in Bihar is very clear. I have laid both the letters of the Governor on the Table of the House so that Members who wanted to criticise Government may have full facts with them. What is the duty of the Governor ? Should he wish for prolongation or the Proclamation having the President's Rule or should he see that a popular Government is formed in the State ? Naturally, when he wrote the first letter, he had these two points to consider. The period of President's Rule was running out fast. The Proclamation had to be renewed before the 26th of this month. That ought to have been kept on the agenda of this honourable House in the very first week. Instead of discussing the role of the Governor today, we would have possibly been discussing the prolongation of the Proclamation if things had not changed. Naturally, he had to make certain recommendations to the Government. Therefore, at the time when he had to make the recommendations, he had to state the facts as they were at that time. The entire spirit of both the letters is that he was trying to see whether some organised political parties were in a position to support the Government.

There were certain groups and some individuals. It was very difficult for the Governor to depend on their support as a real support to the Government to carry on during the troublesome times. He indicated in the first letter that he had asked Shri Daroga Rai to say whether he was in a position to get the consent of the leaders of the C.P.I. and the P.S.P. because these are the two political parties which have got reasonable strength there on whose support, really speaking, depends the political stability of Bihar. When he wrote the first letter, such a communication was not in the hands of the Governor.

Now people ask, what happened that changed his mind after he wrote the first letter. It was a very important thing that happened. After he wrote the first letter, he got in writing from the leaders of both the parties, the C.P.I. and the P S.P. that they were prepared to support the Government of Shri Daroga Rai. I think, he would have failed in his duty if he had not changed his mind given another recommendation, if he had merely stood by a sense of consistency, saying, once he had made a recommendation that it was not possible to form a Government, he stood by it. It was the duty of the Governor to make another recommendation when he saw that there was a reasonable possibility of forming a popular Government, bringing a democratic regime to the State of Bihar, which he did. I think, it is a credit to him that he did not stand on his personal prestige saying, "Well, this is what I have said. How can I change my own word ?" He showed, I should say, a moral courage by going against his own recommendation and making a recommendation that a democratic Government could be formed.

What happend in U.P. is another story. There is only one common thing between U. P. and Bihar.....

SHRI S. S. KOTHARI : That is yourself.

SHRI Y. B. CHAVAN . ...and it is that the Opposition people wanted some people to be their leaders and they were consistently refusing to be the leaders. That is one thing that is common between U.P. and Bihar. In Bihar, Shri Ramanand Tiwary was expected to be the leader and everybody expected that he should become the Chief Minister. But he said, "No ; I do not want to be the Chief Minister." I do not know to whom the credit is to be given, to his party or to Shri Ramanand Tiwary.

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar) : To you, as the Home Minister.

SHRI Y. B. CHAWAN : In the case of Shri Charan Singh also, same thing happened. I am asked why is it that Shri Charan Singh was not asked to form the Government earlier ? The facts are quite different. It is a good thing that the Governor did not invite him then because on the 11th February itself, Shri Charan Singh had changed his mind. When he wrote the letter to Shri C. B. Gupta on 11th February itself, he said, "I have not consulted my colleagues yet about it. I am writing this letter at 10-30 P.M. in the night." Then, he said, "I have come to the conclusion that it is very difficult for to work with those political parties with whom I have had a sad experience." Possibly, he meant the S.S.P. and Jana Sangh. This is a compliment.

श्री राम सेवक यादव : यह 11 तारीख की चिट्ठी नहीं है। मंत्रीमहोदय फिर से पढ़ लें। उसमें तो उन्होंने सफाई दी है कि उन्हें तीन चार दिन क्यों लगे।

SHRI Y. B. CHAVAN : He had specifically indicated this. He said, 'I do not want to repeat the sad experience of working...' I think...

श्री कंवर लाल गुप्त : उसने बाद में अपना मन बदला, जबकि आप ने उससे सौदेबाजी कर ली और डी. पी. मिश्र ने उस को खरीद लिया।

श्री राम सेवक यादव : 11 तारीख की चिट्ठी में उन्होंने संसोपा और जनसंघ को धन्यवाद दिया था और कहा था कि वह अपनी जिम्मेदारी को निभायेंगे। माननीय मंत्री जिस चिट्ठी का जिक्र कर रहे हैं, वह 14 तारीख की है।

SHRI Y. B. CHAVAN : If at all anybody is to be given thanks for the change of mind by Mr. Charan Singh, it is possibly the Jana Sangh and the S.S.P.

श्री कंवरलाल गुप्त : यह आपकी सोदे बाजी का नतीजा है।

SHRI Y. B. CHAVAN : If you do not want those thanks, I do not want to give them.

श्री जनेश्वर मिश्र (फूलपुर) : यह तो आप की प्रेरणा है। राष्ट्रपति के चुनाव में आप ने भी तो अपनी राय दो तीन बार बदली थी।

श्री यशवन्तराव चह्वाण : मैं ने अपनी राय नहीं बदली है। राष्ट्रपति के चुनाव के बारे में मेरी जो राय थी, वह मैं ने होल्ड की।

श्री कंवरलाल गुप्त : हम होम मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर को बधाई देना चाहते हैं कि वे मंडी में बहुत अच्छा सौदा खरीद सकते हैं।

SHRI Y. B. CHAVAN : So, Sir, the point is that as far as U.P. is concerned, it was very true that, what happened after the split in the Congress party, was that it become very clear that only Mr. Charan Singh could lead the Government in U.P. it was wisdom on the part of Guptaji that he saw that thing. This credit should be given to Guptaji that when he was convinced that he had lost the majority he gracefully resign. He also saw the truth that the only person who can become the Chief Minister of U.P. was Mr. Charan Singh. Therefore, he made a recommendation. Ultimately that thing came true. Why do you blame the poor Governor for it ? (*Intrruptions*) I must say that in the whole history of the last two or three years, political parties have erred, calculated and miscalculated but the Governors' calculation in all the States have come true—even in the case of Kerala I must say. Ultimately what the Governor did was practically supported for all purposes by the Legislative Assembly of Kerala. I think there he was correct in choosing the right person who got ultimately the majority in the Kerala Assembly. What happened in Kerala, what happened in Bihar, what happened in west Bengal and what happend in U P. have all vindicated the role of the Governors.

SHRI S. S. KOTHARI : Why did you call him here ? (*Interruptions*)

SHRI Y. B. CHAVAN : A part from this political manoeuvring involved in this matter, ultimately the basic point that this House should consider is : what exactly is the Governor supposed to do in a changing

situation ? Whether it is 'A' Party or 'B' Party or 'C' Party which rules is a different matter. Whether Mr. Dange likes it or not, the Constitution is going to remain there and the insstitution of Governor is going to continue.

SHRI YOGENDRA SHARMA : Why can't you change it ?

AN HON. MEMBER : Can you give a guarantee ?

SHRI Y. B. CHAVAN : I can say many things. It is not mere wishfull thinking. As far as giving a guarantee is concerned, in democratic conditions who can give a guarantee ?

So the point is that as long as the institution of Governor has the sanction of the Constitution, we have to see that the Governor accepts certain objective criteria while using his discretion at the time of inviting anybody to become the Chief Minister. There is no doubt that the only consideration is that he has to satisfy himself that the person chosen is likely to command the majority in the House. I have no doubt that in these two specific cases, the Governors were clearly guided by this principle. Now, whether their judgment is right or wrong is ultimately to be observed on the floor of the House of the Bihar Assembly and the U. P. Assembly. What Shri Prakash Vir Shastri said is very right. Within three days it is to be tested there.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : New friends.

SHRI SAMAR GUHA : 'Majority' is a continuing process.

SHRI Y. B CHAVAN : Unless your Party changes its mind. I do not know. I wish it does not happen. What this House should really appreciate is that the people of U-P. and Bihar need a fair deal to be given to them. It should be our effort, and our desire, that the people of U.P. and Bihar get stable Governments and I wish that the two new leaderships that have come into being in U.P. and Bihar get the support of the people, get the support of their Houses, and they ultimately give a fair deal to the people of U.P. and Bihar.

18.31–1/2 hrs.

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE FORTY-FOURTH REPORT

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH): Sir, I beg to present the Forty Fourth Report of the Business Advisory Committee.

MR. CHAIRMAN : The House now stands adjourned to meet at 11 A.M. tomorrow.

18.32 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, February 24, 1970/Phalguna, 5, 1891 (Saka)